Office of the Principal Govt. Nehru PG College, Dongargarh
Dist. Rajnandgaon (C.G.)
E- mail ID – collegedgg@gmail.com , Website – www.gnpgcollege.in : 07823-296011

&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&

# 4.1.2: The Institution has adequate facilities for cultural activities, sports, games (indoor, outdoor), gymnasium, yoga centre etc.

## Additional information

# Stadium for Sports









# Out Door Games





















## Indoor Games






Rajnandgaon, Chhattisgarh, India
Government Post Graduate Nehru College
Rd, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.197064°
Long 80.767011°
15/07/21 01:30 PM
Google

## GYMNASIUM


कालेज जीम - डोंगरगढ़
Dongargarh, Chhattisgarh, India
Dongargarh - Nagpur Rd, Dongargarh, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.182027°
Long 80.745847°
26/07/21 01:48 PM
Google








# Yoga Center


GPS Map Camera
Rajnandgaon, Chhattisgarh, India
Government Post Graduate Nehru College Rd, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.197043°
Long 80.767076°
10/08/21 07:14 AM
Google


GPS Map Camera
Rajnandgaon, Chhattisgarh, India
Government Post Graduate Nehru College Rd, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.197042°
Long 80.767076°
10/08/21 07:13 AM
Google




GPS Map Camera
Rajnandgaon, Chhattisgarh, India
Government Post Graduate Nehru College Rd, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.197005°
Long 80.767119°
10/08/21 07:10 AM
Google

# Cultural Activities

# महाविद्यालय में मनी विवेकानंद की पुण्यतिथि

नवभारत प्रतिनिधि ◆ डोंगरगढ़.
www.navbharat.org

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 04 जुलाई सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा-निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत , भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्म को सम्पूर्ण विश्व में गौरव दिलाने वाले स्वामी विवेकानंद की 120 वीं पुण्यतिथि मनाई गई.

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. श्रीमती ईव्ही रेवती, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा चौधरी एवं बीआर सिवारे के द्वारा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन



एवं माल्यार्पण के साथ किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के अधिकारी -कर्मचारियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे अपनी तेजस्वी वाणी के जरिए पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का डंका बजाने वाले स्वामी विवेकानंद ने केवल वैज्ञानिक सोच तथा तर्क पर बल ही नहीं दिया, बल्कि धर्म को लोगों की सेवा और सामाजिक परिवर्तन से जोड़ दिया. 4 जुलाई 1902 को अल्प आयु में ही उनका निधन हो गया. वे भारतीय संस्कृति एवं युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेंगे.

कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस के पुरूष एवं महिला इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा चौधरी एवं बी.आर.सिवारे ने भी अपने विचार व्यक्त किये. कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी -कर्मचारी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन सहा.प्राध्यापक श्रीमती सोनाली लोया एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. गुलशन सिन्हा ने किया.

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
2 Aug 202

# भूगोल विभाग ने मनाया बाघ दिवस



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य प्रदीप जाबुलकर के निर्देशन में भूगोल विभाग ने विश्व बाघ दिवस मनाया। विभागाध्यक्षा हेमूराम पदमे ने कहा कि वनों को बचाना आवश्यक हो गया है क्योंकि निरंतर कटाई से वन कम होते जा रहे हैं। वहीं जीव जंतु भी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गए हैं जिन्हे भी बचाना आवश्यक है। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष गुलशन सिन्हा आदि ने अपने विचार रखे। अंत में आभार प्रदर्शन वेद प्रकाश साहू ने किया। कार्यक्रम में योगेश, चंद्रशेखर, ज्योति ,गायत्री, सिद्धि, महावीर कोचर आदि शामिल हुए।

# वृक्षों को बांधा रक्षा सूत्र



**डोंगरगढ़, ( सबेरा संकेत )। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर लोगों में देशभक्ति, देशप्रेम तथा पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण की भावना जागृत करने हेतु पर्यावरणीय रक्षा सूत्र बांधा गया।**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रक्षाबंधन के त्यौहार के साथ-साथ पर्यावरण के संरक्षण के प्रति वृक्षों में रक्षा सूत्र बंधन एवं वृक्षारोपण करके सांस्कृतिक विरासत एवं राष्ट्रीय चेतना के उद्देश्य को संकल्पित करने हेतु धरती के सबसे खुबसूरत एवं कीमती पर्यावरण को साक्षी मानकर रक्षा सूत्र बंधन एवं वृक्षारोपण कर संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी बी आर सिवारे ने बताया कि 75 वर्ष गौरवशाली वर्षों का जश्न हम पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाने जा रहे हैं। महाविद्यालय प्रांगण में शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा पेड़ों को संरक्षित एवं समृद्ध करने हेतु रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन पर्व में संकल्प लिया। अभियान का उद्देश्य देश एवं प्रदेश के युवाओं में प्रकृति के प्रति रुचि तथा संरक्षण हेतु जागरूकता लाना है। प्राचार्य ने कहा कि आज के स्वतंत्र भारत का नाम दुनिया में अग्रिम पंक्ति में लिखा हुआ है। यह आत्मनिर्भरता की मिसाल है।

इस अवसर पर महिला ईकाई की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी सहित एनएसएस के दलनायक विक्की रामटेके, राजा राम, प्रिया, नंदनी साहू, अनवर अकरम, रोशन वर्मा, वैशाली, पायल देवांगन, निकिता, संकेत कौशल, दीपशिखा, उमाकांत, कृष्णा गुप्ता, महेश बोरकर, उमाकांत साहू, ऐश्वर्या पटेल, मयूरी सिन्हा, योगेश कुमार, जागेश्वरी, प्रियांश, संकेत महोबिया आदि उपस्थित रहे।

# नेहरू कॉलेज में मना लाइब्रेरियन्स डे

**डोंगरगढ़, ( सबेरा संकेत )।** भारत में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के पितृतुल्य पुरूष डॉ. सियाली रामामृता रंगनाथन की जयंती देशभर में लाइब्रेरियन्स डे के रूप में मनाई जाती है। उनकी 130 वीं जयंती के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत नेहरू महाविद्यालय के डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर ग्रंथागार में प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. रंगनाथन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पण से हुई।



इस अवसर पर ग्रंथालय विभाग के प्रमुख एन.के तिरपुड़े ने भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. रंगनाथन के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं का जिक्र करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चेन्नई में जन्मे डॉ. रंगनाथन की प्रारंभिक शिक्षा सईदपेट मद्रास में हुई थी। गणित के प्राध्यापक होते हुए भी उन्हें सन 1924 में मद्रास विश्वविद्यासलय का पहला पुस्तकाल्याध्यक्ष बनाया गया था। इस पद की योग्यता हासिल करने के लिए यूनिवर्सिटी कालेज लंदन (इंग्लैण्ड) में अध्ययन किया। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में पुस्तकाल्याध्यक्ष एवं पुस्तकालय विज्ञान के प्राध्यापक के रूप में कार्य किया। भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री की उपाधि से सम्मानित किया। 1962 में बैंग्लोर में डॉक्यूमेंटशन रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की और जीवन पर्यंत इससे जु? रहे। 1965 में भारत सरकार ने उन्हें पुस्तकालय विज्ञान में राष्ट्रीय शोध प्राध्यापक की उपाधि से सम्मानित किया। डॉ. रंगनाथन के केवल 5 सूत्रों का पालन करते हुए सूचना एवं प्रौद्योगिकी की सहायता से अपने ग्रंथालय को मॉडल लायब्रेरी बनाया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. श्रीमती आशा चौधरी, डॉ. आर.आर.कोचे, बी.आर.सिवारे, गुलशन सिन्हा, कर्मचारीगण संजय तिवारी, बीएस मंडावी, के जी सोनकर, सुशील सोनवानी, शैलेन्द्र यादव सहित छात्र-छात्राएं बडी संख्या में उपस्थित थे।

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
17 Aug 2022

# नेहरू महाविद्यालय



नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने नवीन एवं पुराने भवन में ध्वजारोहण किया। उपस्थित स्टाफ, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। तत्पश्चात शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रकाश डाला। इस दौरान आरआर कोचे, बीआर सिवारे ने भी अपने विचार रखे। एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डॉ. ईव्ही रेवती, डॉ. आशा चौधरी, डॉ. एमएल नंदेश्वर, नितेश तिरपुडे, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोवा, गुलशन सिन्हा, ओमप्रकाश वर्मा, अविनाश सिंह, हेमुराम पदमे, बेदप्रकाश साहू, जेके देवांगन, संजय तिवारी, बीएस मंडावी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये, शैलेन्द्र यादव, चित्रा खोब्रागढे, दलनायक विक्की रामटेके, राजाराम, एनसीसी कैडेट्स सहित अन्य उपस्थित थे।

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
20 Nov 2022

# भौतिकी विभाग ने मनाया रमन जयंती



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन में भौतिक शास्त्र विभाग ने डॉ. सीवी रमन जयंती का आयोजन किया। डॉ. रमन जयंती के अवसर पर प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। अतिथि व्याख्याता रोशन साहू ने डॉ. के कार्य शैली एवं शोध कार्य पर चर्चा करते हुए बताया कि प्रकाश के प्रकीर्णन एवं कैसे रमन प्रभाव कार्य करता है। इसके साथ हमारे जीवन में किसी शोध के अनुप्रयोग का महत्व बताया। अतिथि व्याख्याता वासुदेव साहू ने जीवन में किताबों की महत्व एवं अध्ययन शैली पर प्रकाश डाला। अंत में भूषण वर्मा, दीप देवांगन, साईं प्रसाद चंद्रवंशी ने विचार व्यक्त किये।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 07 Dec 2022 - 07rajn2

# ग्रंथालय विभाग द्वारा मनाया गया डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर का 66 वां महापरिनिर्वाण दिवस



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के ग्रंथालय विभाग में 6 दिसम्बर को प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं ग्रंथालय विभाग के विभागाध्यक्ष नितेश तिरपुड़े के मागदर्शन में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर का 66 वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया. सर्वप्रथम डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर उपस्थित कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा दो मीनट मौन धारण कर डॉ. आम्बेडकर जी के प्रति आदरांजलि व्यक्त की गई. ग्रंथालय विभाग के विभागाध्यक्ष नितेश तिरपुड़े द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर के संघर्षमय जीवन, महिलाओं के उत्थान एवं संविधान निर्माण में उनके अविस्मरणीय योगदान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई. इस अवसर पर महाविद्यालय के कर्मचारीगण संजय तिवारी, श्रीमती चित्रा खोब्रागढ़े, संदीप गजभिये, निलेश मेश्राम, महेश कोटांगले सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 11 Dec 2022 - 11rajn3

# हिन्दी विभाग में प्रेमचंद कृत कफन कहानी पर परिचर्चा



नवभारत प्रतिनिधि ।डोंगरगढ़।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा निर्देशन एवं हिन्दी विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. नीता राजपूत व डॉ. मेधाविनी तुरे के नेतृत्व में प्रेमचंद कृत कफ़न कहानी पर परिचर्चा आयोजित किया गया. जिसमें बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों राजेश कुमार ,नेहा वर्मा, सानु वर्मा, किशन, संध्या रामटेके, मनीषा सिन्हा, किरण ठाकरे, रोशनी यादव, प्रमिला मंडावी, वीणा पटेल, रजनी जाम्बुलकर, प्रीति वर्मा, पूजा साहू, उमेश्वरी, मंजु साहू, चंद्रिका, मोनिका वर्मा, दामिनी निषाद, जमुना निषाद, दीपा ठाकुर, पायल, परमेश्वरी, दुर्गेश, डिकेश्वरी, राज यादव द्वारा कफ़न कहानी की मूल संवेदना पर विचार अभिव्यक्त किया गया. इस अवसर पर डॉ. नीता राजपूत द्वारा कफ़न के कथानक पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि कफन कहानी वर्ग वैषम्य और शोषण के दायरे में जीवनयापन करने वाले अभावग्रस्त घीसू, माधव और बुधिया के संघर्षों

मेधाविनी तुरे द्वारा कफन कहानी को सामाजिक मुद्दे पर आधारित कहानी बताया गया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मेधाविनी तुरे द्वारा किया गया.

## डॉ. अंबेडकर विद्यालय में महापरिनिर्वाण दिवस मना

**डोंगरगढ़** स्थानीय डॉक्टर अंबेडकर विद्यालय परिवार की ओर से 6 दिसंबर सुबह 10 बजे तहसील प्रांगण में स्थित भव्य प्रतिमा के समक्ष, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया. प्रभारी प्राचार्य सूर्यवन्ता तुर्रे के निर्देशानुसार विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों के द्वारा डोंगरगढ़ चिचोला मार्ग पर स्थित अंबेडकर विद्यालय से मौन रैली निकाली गई जो तहसील प्रांगण मैं पहुंचकर वहां स्थित डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की भव्य प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया. रैली वापस स्कूल पहुंचकर स्कूल में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के द्वारा भगवान गौतम बुद्ध एवं बाबासाहेब आंबेडकर के छायाचित्र में के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया. प्रधान पाठक मनोज गजभिए द्वारा सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना ग्रहण करवाया गया.इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी, ए ब्राह्मणकर, एम गजभिए,आर मोहन बी पोद्दार एस पटेल, डी दूतारा,टी भावे, आर सक्सेना, एन यदु, एन यादव, पी बॉम्बर्ड़,जे बनाफर, कक्षा नायक शाला नायक व छात्र-छात्राओं के द्वारा भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ आंबेडकर के

# वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा मनाई गई जगदीश चंद्र बोस की जयंती

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में आचार्य जगदीश चंद्र बोस की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया प्रतियोगिता का विषय हसदेव वनों की कटाई सही या गलत रखा गया था. कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य के उद्बोधन से हुई जिसमें उन्होंने हसदेव वनों की कटाई के ऊपर प्रकाश डाला. उक्त प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया.पक्ष एवं विपक्ष दोनों ने ही अपने बातों को प्रभावी तरीके से रखा व बताया कि विकास के लिए हमें बहुमूल्य वनों का बलिदान देना पड़ रहा है.



# डॉ. कोचे ने विद्यार्थियों से कहा- शेक्सपियर के जीवन से सीखें



डोंगरगढ़. कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथि व छात्र।

**डोंगरगढ़|** नगर के शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में विलियम शेक्सपियर की 459वीं जयंती प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन में बुधवार को मनाई गई। मुख्य अतिथि इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी थे। विशेष अतिथि अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. आरआर कोचे थे।

डॉ. चौधरी ने विलियम शेक्सपियर को ना सिर्फ इंग्लैंड के ही नहीं बल्कि दुनिया में जितनी भी भाषा है उसमें उसके नाटक एवं कविता का अनुवाद होने के कारण विश्व स्तर के नाटककार एवं साहित्यकार बताया। डॉ. कोचे ने विद्यार्थियों को शेक्सपियर के जीवन से सीखने व अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने बताया कि विलियम शेक्सपियर का जन्म 23 अप्रैल 1564 को इंग्लैंड में हुआ था। उनका नामकरण तीन दिन पश्चात 26 अप्रैल 1564 में हुआ। साहित्य के क्षेत्र में शेक्सपियर के अतुलनीय योगदान पर चर्चा की। छात्र चंद्रशेखर,योगेश, संध्या, प्रांजल, क्षमा, शुभम, सिद्धार्थ आदि विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

2 Dec 2022

# डॉ. बल्देव प्रसाद के अवदान पर विचार गोष्ठी



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में हिन्दी विभाग की डॉ. नीता राजपूत, डॉ. मेधाविनी तुरे एवं नीलम सिन्हा के नेतृत्व में डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र का साहित्यिक अवदान पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विभाग प्रमुख डॉ. राजपूत ने मिश्र जी के जीवन वृत्त, डां. मेधाविनी तुरे ने शोधकार्य तथा नीलम सिन्हा ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

# नेहरू महाविद्यालय में मनी मुक्तिबोध जयंती



डोंगरगढ़(सबेरा संकेत)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोगरगढ़ के हिन्दी विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ.प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं हिंदी विभाग के प्राध्यापकगण डॉ.नीता राजपूत व डॉ. मेधाविनी तुरे के मार्गदर्शन में गजानन माधव मुक्तिबोध की जयंती मनाई गई। हिंदी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ. नीता राजपूत ने मुक्तिबोध की रचनाओं पर प्रकाश डाला एवं डॉ.मेधाविनी तूरे ने मुक्तिबोध के जीवन वितांत पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता राजपूत व आभार प्रदर्षन,डॉ. मेधाविनी तूरे ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं विकास महोबिया, ज्योति शुभम महोबिया, ममता जंघेल, हुकुम, नीलम, भावना,पार्वती चंद्रवंशी, जानकी सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



नवभारत
छतीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 11 Dec 2022 - 11rajn3

# हिन्दी विभाग में प्रेमचंद कृत कफन कहानी पर परिचर्चा



नवभारत प्रतिनिधि ।डोंगरगढ़।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के दिशा निर्देशन एवं हिन्दी विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. नीता राजपूत व डॉ. मेधाविनी तुरे के नेतृत्व में प्रेमचंद कृत कफ़न कहानी पर परिचर्चा आयोजित किया गया. जिसमें बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों राजेश कुमार ,नेहा वर्मा, सानु वर्मा, किशन, संध्या रामटेके, मनीषा सिन्हा, किरण ठाकरे, रोशनी यादव, प्रमिला मंडावी, वीणा पटेल, रजनी जाम्बुलकर, प्रीति वर्मा, पूजा साहू, उमेश्वरी, मंजु साहू, चंद्रिका, मोनिका वर्मा, दामिनी निषाद, जमुना निषाद, दीपा ठाकुर, पायल, परमेश्वरी, दुर्गेश, डिकेश्वरी, राज यादव द्वारा कफ़न कहानी की मूल संवेदना पर विचार अभिव्यक्त किया गया. इस अवसर पर डॉ. नीता राजपूत द्वारा कफ़न के कथानक पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि कफन कहानी वर्ग वैषम्य और शोषण के दायरे में जीवनयापन करने वाले अभावग्रस्त घीसू, माधव और बुधिया के संघर्षों

मेधाविनी तुरे द्वारा कफन कहानी को सामाजिक मुद्दे पर आधारित कहानी बताया गया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मेधाविनी तुरे द्वारा किया गया.

## डॉ. अंबेडकर विद्यालय में महापरिनिर्वाण दिवस मना

**डोंगरगढ़** स्थानीय डॉक्टर अंबेडकर विद्यालय परिवार की ओर से 6 दिसंबर सुबह 10 बजे तहसील प्रांगण में स्थित भव्य प्रतिमा के समक्ष, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया. प्रभारी प्राचार्य सूर्यकन्ता तुर्रे के निर्देशानुसार विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों के द्वारा डोंगरगढ़ चिचोला मार्ग पर स्थित अंबेडकर विद्यालय से मौन रैली निकाली गई जो तहसील प्रांगण मैं पहुंचकर वहां स्थित डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की भव्य प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया. रैली वापस स्कूल पहुंचकर स्कूल में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के द्वारा भगवान गौतम बुद्ध एवं बाबासाहेब आंबेडकर के छायाचित्र में के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया. प्रधान पाठक मनोज गजभिए द्वारा सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना ग्रहण करवाया गया.इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी, ए ब्राह्मणकर, एम गजभिए,आर मोहन बी पोद्दार एस पटेल, डी दूतारा,टी भावे, आर सक्सेना, एन यदु, एन यादव, पी बॉम्बर्ई,जे बनाफर, कक्षा नायक शाला नायक व छात्र-छात्राओं के द्वारा भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ आंबेडकर के

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

12 Feb 2023

# कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण



■ परीक्षा की तैयारी में जुटने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने की। विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जिपं सदस्य पुष्पा वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, संदीपसिंह गहरवार, कमलेश्वर वर्मा, किशन वैष्णव, नलिनी मेश्राम थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद नेहा टेम्भुरकर ने राज्यगीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, पुष्पा वर्मा, सुदेश मेश्राम ने छात्र जीवन के महत्व को समझाते हुए आगे बढ़ने का आव्हान किया। बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने छात्र-छात्राओं को का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी परीक्षाओं की तैयारी करने में जुटने प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने प्रतिवेदन का वाचन किया।

## प्रतिभाशालियों का सम्मान

छात्र-छात्राओं को प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने, एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने दानदाताओं द्वारा स्वर्ण पदक के लिए दान स्वरूप 10-10 हजार देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। अगली कड़ी म छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया। विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राओं को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान की ओर से ब्लैजर प्रदान किया गया। संचालन डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, डॉ. आशा चौधरी एवं डॉ. नीता राजपूत ने किया। कार्यक्रम में डॉ. आरआर कोचे, नितेश तिरपुडे, जीके यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, गुलशन सिन्हा, एचआर पदमे, अविनाश सिंह, वेदप्रकाश साहू, डॉ.मेधाविनी तुरे, डॉ.नौशिन अंजुम, तूलिका चक्रवर्ती, ऋचा अग्रवाल, पदमा खूटे, ज्योति साहू, प्रतिभा सिंह, अनिमा मिंज, एचलाल मेश्राम, रोशन साहू, वासुदेव साहू, लीलाराम देवांगन, प्रिया ठाकुर, नीलम सिन्हा, अंजलि देवांगन, मोनिका वर्मा, मनीषा मेंड़िया, संतराम वर्मा, मीनाक्षी साहू सहित अन्य मौजूद थे।

नवभारत
छतीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 11 Feb 2023 - 11rajn6
epaper.navabharat.news

# नेहरू महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह

नवभारत रिपोर्टर। डोंगरगढ़।




शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 7 फरवरी मंगलवार को संपन्न हुआ.कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान द्धारा की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष नवाज खान एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण के साथ हुआ.तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्रा कु. नेहा टेम्भुरकर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्यगीत की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई. कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री खान द्वारा हे शारदे मां गीत की प्रस्तुति देकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया. प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवांवित किया है. महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने एवं एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को शहर के दानदाताओं द्वारा स्वर्ण पदक के लिए दानस्वरूप 10-10 हजार की राशि महाविद्यालय को प्रदान की.

## गीत संगीत पर झूमे श्रोता

छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढी संस्कृति एवं लोककला पर आधारित लोकनृत्य सहित अन्य समधुर गीतों की प्रस्तुति दी. योगा साइंस के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य के माध्यम से विभिन्न योगासनो की आकर्षक प्रस्तुति दी गई. उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया - प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को स्वर्ण पदक के साथ-साथ सत्र में वार्षिक खेलकूद, विश्वविद्यालयीन, एनसीसी, एनएसएस एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमोन्टो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.इस बार विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राओं को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान द्वारा अपनी ओर से ब्लैजर प्रदान कर पुरस्कृत किया गया.कार्यक्रम का संफल संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, डॉ. श्रीमती आशा चैधरी एवं डॉ. नीता राजपूत ने किया.कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर द्वारा समस्त अतिथियों, गणमान्य नागरिकों महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन-व्यवस्थापन हेतु बधाई दी.


शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला - राजनांदगांव
शासकीय नेहरू
स्नातकोत्तर महाविद्यालय
वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह
2023

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

15 Jan 2023

# रासेयो ने मनाई विवेकानंद जयंती



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़**

नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ प्रदीप जामुलकर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पदमे, नीलम चतुर्वेदानी के मागर्शन में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर श्री जामुलकर ने छात्र-छात्राओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारने का आव्हान किया। हेमू राम पदमे ने जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।

अतिथि व्याख्याता सुश्री पद्मा खुटे ने युवा शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ आरआर कोचे, डॉ आशा चौधरी, गुलशन सिन्हा, नीता ठाकुर, मेधाविनी तुरे, नीलम सिन्हा डॉ नौशीन अंजुम, मनीषा भेड़िया, अनिमा मिंज, अंजलि, मीनाक्षी साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भू

24 Jan 202

# भाषण प्रतियोगिता में हीना प्रथम




डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर एवं डॉ आशा चौधरी के नेतृत्व में इतिहास विभाग ने सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाया। इस दौरान सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ चौधरी ने बोस के जीवन एवं उनके संघर्ष पर विस्तार से बताया। तत्पश्चात तृप्ति जंघेल, डाकेश्वर वर्मा, वर्षा बेकार, श्वेता निर्मलकर, गीता पटेल, दामिनी धुर्वे, हिना वर्मा, आरती वर्मा ,खिलेश देवांगन, मोनिका सिन्हा, तरुण कोर्राम, ममता टेकाम ने जीवन परिचय, आजाद हिंद फौज की स्थापना, स्वतंत्र आंदोलन में बोस के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। । भाषण प्रतियोगिता में प्रथम हीना वर्मा, द्वितीय डाकेश्वर वर्मा और तृतीय स्थान पर गीता पटेल रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अतिथि व्याख्याता एवलाल मेश्राम ने किया।



हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

23 Jun 2022

### बच्चों से लेकर बूढ़ों तक ने सेहत के लिए किया योग

# योगाभ्यास के साथ हुई सुबह की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. जाम्बुलकर ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है। महाविद्यालय के योगा एण्ड मेडिटेशन विभाग के साइंस योगाचार्य संतराम वर्मा ने ताड़ासन, पाद हस्थ आसन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, शशांक आसन, मकरासन आदि की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। अंत में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. ईव्ही रेवती ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आरआर कोचे, जेके देवांगन, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, शैलेन्द्र यादव, जेआर साहू, महेश कोटांगले, निकिता गुप्ता, नंदनी साहू, वैशाली, पायल देवांगन, शुभम वैष्णव, सुनील, झालेश्वर आदि मैजूद थे।

इसी प्रकार प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला ठाकुरटोला के संयुक्त प्रयास से बालक, पालक एवं शिक्षकों ने योग अभ्यास किया। योग शिक्षक रतिराम कन्नौजे, प्रधान पाठक किरण नरेड़ी, सोहनी पुराम ने विभिन्न आसनों को करने की विधि बताया। प्रधान पाठक सुश्री नरेड़ी, शत्रुघ्न वर्मा ने योग से लाभ की जानकारी दी। इस दौरान किशनलाल चंद्रवंशी, संगीता सेन, केसर उइके, गोपीचंद कोमरा आदि मौजूद थे।





## वृद्धों ने भी किया योग

बछेराभाठा स्थित जीवन आनंद वृद्धाश्रम में योग शिक्षिका मंजू धनकर ने निवासरत वरिष्ठ नागरिक से उनकी उम्र के हिसाब से योगा कराया। इस आश्रम में 60 वर्ष से 86 वर्ष तक उम्र के नागरिक निवासरत हैं।

## योग प्रशिक्षण शिविर का समापन

धर्मनगरी डोंगरगढ में सक्रिय संगठन सनातन जागृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के उद्देश्यों को साकार करने हेतु 19 से 21 जुन तक तीन दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आज संपन्न हुआ। शिविर में राजनांदगाँव से लगातार तीन दिनों तक सेवाएं देने के लिए श्रीमती निधि अमित अग्रवाल को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष विमल अग्रवाल ने बताया कि उक्त शिविर में महिलाओं बालिकाओं के साथ साथ युवकों ने भी भाग लिया।

## भाजपाईयों ने किया गार्डन में योग

**खैरागढ़।** योग दिवस पर भाजपाइयो ने अटल उद्यान में मार्निंग वॉक करने पहुँचे लोगो के साथ योगासन और प्राणायाम किया।योग करने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। इस दौरान रामकुमार सिंह, अरुण रंगलानी, संजीव सिंह, नितेश जैन, शहर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कपिल बैद, बिसेसर साहू, विनय देवांगन, अजय जैन, आयश सिंह, अवध वर्मा, गोविंद सोनी, महेश गिरी गोस्वामी, रूपेंद्र रजक, सूरज देवांगन, झुनू यादव, कीर्ति वर्मा, नीलिमा गोस्वामी, गिरजा चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

**पटेवा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल में योग दिवस मनाया गया। प्राचार्य रोहित निर्मलकर ने योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया। आचार्य अजय साहू ने योग एवं आसनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर संदीप साहू, संजीत वर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, अंजू साहू, ऐश्वर्या साहू, नेहा साहू, निकिता साहू, यामिनी सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

**अंबागढ़ चौकी।** योग दिवस के अवसर पर टाउनहॉल में योग का आयोजन जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। शिविर का शुभारंभ राज्य गीत से हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकार, पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में योगाचार्य अशोक साहू, बल्दूराम यादव, संपतलाल छेदैया, ऋतु रेखी के निर्देशन में सीईओ भानुप्रताप चुरेन्द्र, बीएमओ डॉ. आरआर धुर्वे, बीईओ एसके धीवर, सीएमओ दिलीप कुमार यदु के अलावा विभिन्न प्रमुख के कर्मचारी आदि ने योग का अभ्यास किया।

# The Institution has adequate facilities for sports, games (indoor, outdoor),


GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°
20/09/22 03:07 PM GMT +05:30
Google
STAG


GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°
20/09/22 03:06 PM GMT +05:30
Google


बैडमिंटन हॉल
BADMINTON HALL
GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°
20/09/22 03:05 PM GMT +05:30
Google


INDOOR BADMINTON COURT
INDOOR TABLE TENNIS COURT
WELL
GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°
20/09/22 03:02 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°
20/09/22 03:03 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°
20/09/22 03:00 PM GMT +05:30
Google


शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय
स्थापना
(छत्तीसगढ़)
WEL
पुराना भवन
GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°
20/09/22 03:01 PM GMT +05:30
Google


शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
स्थापना
जिला-राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
WEL
COME
पुराना भवन
GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°
20/09/22 03:01 PM GMT +05:30
Google


INDOOR BADMINTON COURT
INDOOR TABLE TENNIS COURT
PHYSICAL EDUCATION DEPARTMENT
WELL
COME
COME
GPS Map Camera
Kalkasa, Chhattisgarh, India
5QW8+VW8, Kalkasa, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.197197°
Long 80.767251°
23/02/23 03:02 PM GMT +05:30
Google


महर्षि पतंजली
योगा एवं मेडिटेशन सेन्टर
शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़,जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)




हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भू

23 Feb 202

## कॉलेज में क्रिकेट प्रशिक्षण 25 तक



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 21 से 25 फरवरी तक क्रिकेट पुरूष खिलाड़ियों को प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस शिविर के लिए विभिन्न महाविद्यालयों के 16 खिलाडियों का चयन किया गया है, जिसमे नेहरू महाविद्यालय के खिलाड़ी सौरभ यादव भी शामिल है।


कि.मी.
राजनांदगांव 52 कि.मी.
नागपुर




# अंतर महाविद्यालयीन क्रास कंट्री स्पर्धा में 109 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़



स्पर्धा के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के शारीरिक शिक्षण विभाग के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के नेतृत्व में 30 दिसंबर को अंतर महाविद्यालयीन क्रॉस कंट्री दौड़ पुरुष/महिला प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले 20 शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय के कुल 109 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें 42 महिला वर्ग से एवं 67 पुरुष से खिलाड़ी सम्मिलित हुए।

प्रतियोगिता 10 किमी थी जो सुबह सात बजे पुराने महाविद्यालय भवन से शुरू होकर पुराने महाविद्यालय में समाप्त हुई। प्रतियोगिता में बेरला, दुर्ग, उतई, सोमनी, डोंगरगांव, गंडई, राजनांदगांव, भिलाई, अंबागढ़ चौकी महाविद्यालय के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा थे। विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षण विभाग दुर्ग विश्वविद्यालय के संचालक दिनेश, कल्याण महाविद्यालय भिलाई के क्रीडा अधिकारी अमरीक सिंह, दिग्विजय महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अरुण, व्यायाम शिक्षक ईश्वर निर्मलकर सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जामबुलकर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नंदेश्वर उपस्थित थे। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।


छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग
राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता
(पुरूष/महिला)
2022-23
दिनांक 30/11/2022 से 01/12/2022
शारीरिक शिक्षण विभाग
— आयोजक —
शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़,जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
डोंगरगढ़
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

# राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के प्रथम दिवस नवाज खान ने भरा खिलाड़ियों में जोश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 2 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन में राज्य स्तरीय शतरंज पु/म प्रतियोगिता का शुभारंभ 30 नवम्बर को बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मोटल में शुरू हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष नवाज खान, अध्यक्षता नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ के सुदेश मेश्राम, एव विशिष्ट अतिथि के रूप में संदीप गहरवार, शरीरिक शिक्षण विभाग के संचालक दिनेश नामदेव सहित एव महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार जाम्बुलकर एव अन्य अतिथि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उपस्थित खिलाड़ी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान ने अपने उदबोधन में राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर , बिलासपुर, बालौदाबाजार, रायगढ़, जांजगीर चांपा, बस्तर, सरगुजा, कोरबा सेक्टर से आये कुल 50 पुरूष एवं 40 महिलाएं छात्र-छात्राओ को इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे की बधाई देते हुए डोंगरगढ़ शहर में उनका स्वागत किया। उन्होंने राज्य शासन के मुखिया भूपेश बघेल की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए डोंगरगढ़ महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के माध्यम से बनाये गए नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट, सर्व सुविधाओं से युक्त स्टेडियम, जिम, सहित अन्य हर संभव सुविधा छात्र-छात्रओं को उपलब्ध कराने को अपना सौभाग्य बताया। इस अवसर पर उन्होंने गीत की प्रस्तुति भी दी, साथ ही खिलाड़ियों के साथ शतरंज खेल का भी आनंद लिया। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल में जीत हार तो लगी रहती है, लेकिन हमें खिलाड़ी भावना के साथ खेल खेलने चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंबागढ़- चौकी महाविद्यालय की टीम रही विजयी

डोंगरगढ़, 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासकीय



नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के मागदर्शन में सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता के दूसरे दिन शासकीय महाविद्यालय चौकी एवं बोड़ला महाविद्यालय की टीम के बीच खेला गया। चौकी चौकी महाविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया एवं निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 160 रन बनाए। 161 रन का पीछा करते हुए बोड़ला महाविद्यालय की टीम 12 ओवर में 63 रन बनाकर आल आउट हो गई। इस प्रकार दूसरे दिन का मैच अंबागढ़ चौकी महाविद्यालय की टीम विजयी रही। मैच एंपायर के रूप में प्रकाश महानदी, निकल परमार, मोरध्वज सोनवानी एवं स्कोरर मोहम्मद शेख अहमद रहे। 13 जनवरी का प्रथम मैच सीआईटी राजनांदगांव व अंबागढ़ चौकी के बीच खेला जाएगा तथा दूसरा मैच डोंगरगढ़ एवं गंडई महाविद्यालय के बीच खेला जाएगा।

हरिभूमि
रायपुर-संस्कारधानी भूमि
15 Jan 2023

लखन लाल आदि उपस्थित थे।

## स्पर्धा में नांदगांव एवं डोंगरगढ़ टीम विजयी

डोंगरगढ़। नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता के तीसरे दिन का पहला मैच सीआईटी राजनांदगांव एवं अंबागढ चैकी महाविद्यालय के बीच खेला गया। सीआईटी टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 152 रन बनाए। जिसके विरूद्ध अम्बागढ़ चौकी की टीम 16 ओवर में 72 रन पर आल आउट हो गई। दूसरा मैच डोंगरगढ़ एवं गंडई महाविद्यालय के बीच खेला गया। डोंगरगढ़ महाविद्यालय ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी कर 19 ओवर में 118 रन बनाए। गंडई की टीम 18 ओवर में मात्र 85 रन बनाकर आल आउट हो गई।







हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

19 Jan 2023

# क्रिकेट में राजनांदगांव विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता का फायनल मैच 18 जनवरी को दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के बीच खेला गया। डोंगरगढ ने टॉस जीतकर फिल्डिंग करने का फैसला लिया। दिग्विजय महाविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 138 रन बनाए। डोंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 91 रन बना पाई। प्रतियोगिता का फायनल मैच दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने 48 रन से जीत लिया। मैच में अम्पायर मोरध्वज सोनवानी, निखिल, प्रकाश महानदी, निकुज परमार, अर्शवीर सिंह एवं स्कोरर एमडी आलम थे।



## खिलाड़ियों को मिलेगी हर सुविधा

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी के
खान, विशिष्ट अतिथि पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश व
मौके पर श्री खान ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ब
छात्र जीवन में खिलाडी होना सौभाग्य की बात है। उन्ह
स्टेडियम को उच्च स्तर पर तैयार कर आगे जिला, रा
प्रतियोगिता हेतु सभी सुविधा उपलब्ध कराने की बात
उमा महेश वर्मा ने भी संबोधित किया। अंत में अतिथिय
उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।
अम्पायर, स्कोरर, बेस्ट बेट्समेन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट
को भी सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. मुन्नालाल




छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग
DCA



हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

12 Jan 2023

# सेक्टर लेवल क्रिकेट में गंडई और डोंगरगढ़ कॉलेज की टीम विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के मार्गदर्शन में सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता 11 जनवरी को महाविद्यालय स्टेडियम में शुरू हुई।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस का मैच शासकीय महाविद्यालय, मोहला एवं गंडई के बीच खेला गया। पहले मैच में गंडई महाविद्यालय की टीम विजयी रही।

प्रतियोगिता का दूसरा मैच शासकीय महाविद्यालय डोंगरगढ़ एवं पिपरिया की टीम के बीच खेला गया। जिसमें डोंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम विजयी रही। 12 जनवरी का प्रथम मैच शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एवं सीआईटी राजनांदगांव तथा दूसरा मैच बोडला एवं अम्बागढ चौकी के बीच खेला जायेगा।



## खेल भावना के साथ उत्कृष्ठ प्रदर्शन करें

प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में नगर पालिका डोंगरगढ़ परिषद के अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप गहरवार सहित क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समस्त अतिथियों एवं बाहर से आयी टीमो को पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि नवाज खान ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियो को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने खिलाड़ियो को हार जीत से उपर उठकर निरंतर सीखने रहने के लिए खिलाड़ियों को बल दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने शारीरिक शिक्षण विभाग को सेक्टर लेवल क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई देते हुए बाहर से आये हुए खिलाड़ियो को स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया।

क्रीड़ा विभाग सत्र 2022-23

जिला स्तरीय फुटबाल (पुरुष) प्रति०

(1) सत्र 2022-23 में विभाग द्वारा जिला स्तरीय फुटबाल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 10.10.22 एवं 11.10.22 को किया गया था जिसमें राजनांदगांव सेक्टर की कुल 07 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता डोंगरगढ़ के नवनिर्मित फुटबाल मिनि स्टेडियम मे मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ प्रतियोगिता में डोंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम विजेता एवं दिग्विजय महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही।

[signature] 1/03/23

डॉ. एम. एल. नन्देश्वर
क्रीड़ाधिकारी
शा. म. श्वेत महा.
डोंगरगढ़

राज्यस्तरीय शतरंज (पु/म) प्रतियोगिता

सत्र 2022-23 में विभाग द्वारा राज्यस्तरीय
शतरंज (पु/म) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक
30.11.22 एवं 01.12.22 को दो दिनों तक माँ
कमलेश्वरी अतिथि गृह में आयोजित किया गया
इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के 06 विश्वविद्यालयों
के कुल 10 संकायों के कुल 40 (महिला) 50 (पुरुष)
खिलाड़ियों ने भाग लिया यह प्रतियोगिता छ0ग0
शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक
की उपस्थिति एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं
अन्य अतिथियों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य की
उपस्थिति में प्रारंभ हुआ प्रतियोगिता का उद्घाटन
30.11.22 एवं समापन 01.12.22 को किया गया
जिसमें पुरुष वर्ग के विजेता एवं उपविजेता एवं महिला
वर्ग के विजेता एवं उपविजेता को ट्राफी प्रदान किया।
प्रथम एवं स्थान पानेवाले महिला/पुरुष खिलाड़ियों के
अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

10/03/23

# अन्तर महाविद्यालयीन क्रास कन्ट्री (पु./म.) प्रतियोगिता

सत्र- 2022-23 में किशोर हेतु अन्तर महाविद्यालयीन क्रास कन्ट्री (पु./म.) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 30.12.22 को किया गया था। इस प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से सम्बद्धीत सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के कुल 109 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 42 महिला एवं 67 पुरुष यह प्रतियोगिता दोनों वर्गों के लिए 10 कि.मी. की दौड़ थी जो शहर के विभिन्न मोहल्लों से होकर महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर महाविद्यालय में ही समाप्त हुयी। इस प्रतियोगिता में नगर पालिका अध्यक्ष [illegible] अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए एवं महाविद्यालय के प्राचार्य हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के संचालक एवं अन्य अतिथियों के उपस्थिति में प्रथम, द्वि. स्थान पाने वाले महिला पुरुष खिलाड़ियों को महाविद्यालय की ओर से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सभी चयनित महिला एवं पुरुष टीमों को अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया।

10/3/23

# जिला स्तरीय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता

सत्र-2022-23 में विभाग द्वारा अन्तर महा. जिला स्तरीय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 11.01.23 से 18.01.23 तक जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नगरपालिका अध्यक्ष के आतिथ्य में एवं महाविद्यालय के प्राचार्य की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव सेक्टर की कुल 16 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता की विजेता टीम शा. दि. महा. राजनांदगांव एवं उपविजेता टीम शा. ने. महा. डोंगरगढ़ रही दोनों ही टीमों को समापन के अवसर पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया है एवं सभी खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। विभाग द्वारा पिछले 2 वर्षों से हेमचंद यादव वि.वि. क्रिकेट टीम का चयन एवं प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया।

10/03/23

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

सत्र - 2022-23 में विद्यालय द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 05.01.23 से 07.01.23 तक आयोजित किया गया था जिसमें छात्र-छात्राओं के अलग अलग विधानुसार तिथिवार प्रारूप तैयार कर प्रतियोगिता आयोजित किया गया एवं दिनांक 07.02.23 को वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सभी विजेता छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

10/03/23